


# श्री बल्लभ राम शर्मा मानव सेवा समिति

स्थापना दिवस :– 4 अप्रैल 2017

**पंजीकृत कार्यालय :–**

अऊ, तहसील–डीग, भरतपुर (राजस्थान)




" सभी जीवन का बराबर मूल्य है "

श्री बल्लभराम शर्मा मानव सेवा समिति एक गैर लाभ धमार्थ संगठन है जो वर्ष 2017 में स्वर्गीय श्री बल्लभराम शर्मा जी की स्मृति में उनकी प्रेरणा से स्थापित किया गया था ताकि जरूरतमंद लोगों को शिक्षा, प्रशिक्षण एंव वित्तीय सहायता द्वारा सशक्त बनाकर मुख्य धारा में जोडा जा सके। इस संगठन की स्थापना स्व0 श्री बल्लभराम शर्मा के सपने के परिणामस्वरूप की गई थी जिन्होंने स्वंम के जीवनकाल में संसाधनों की कमी के कारण चरम गरीबी के दिनों को देखा था लेकिन फिर भी अपने अविश्वसनीय प्रयासों और दृढ संकल्प के चलते अपने अधिकतर सपनों को साकार किया अपने संघर्ष कें बाद उन्होंने एक ऐसी सेवा के संबंध में सोचना शुरू कर दिया जो कि उन लोगों के लिए उपयोगी साबित हो सकता है जो अपने जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं को वहन या पूरा करने में सक्षम नहीं थे। इस तरह उन्होंने इस संगठन के उदय के संबंध में आशा की एक झलक देखना शुरू कर दिया। संगठन का पंजीकृत मुख्यालय राजस्थान के भरतपुर जिले की डीग तहसील के ऐतहासिक गांव अऊ में स्थित है। हम पुर्नवास की पेशकश के जरिए लोगों के स्वास्थ और जीवन को बेहतर बनाने पर ध्यान देते हैं जिससे व्यक्तियों को अत्यधिक अभाव और गरीबी से उभरने में मदद मिलती है। " मानव सेवा परमो धर्मः"के सिद्धान्त पर चलकर हमारा संगठन यह सुनिश्चित करने का प्रयास करता है कि सभी व्यक्ति विशेषकर समाज के कम से कम संसाधन वाले लोग अपने सपनों को साकार करने के लिए जीवन में सफल होंने के अवसरों तक पहुच सकें।

हम ऐसे आशावादी हैं जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की सामान्य समस्याओं पर ध्यान केन्द्रित करके उसके समाधान पर काम करते हैं। हम हर व्यक्ति को स्वस्थ, उत्पादक और संतुष्ट जीवन जीने का मौका प्रदान करने का प्रयास करते हैं जिससे उन्हें उत्पादक परिसम्पत्तियों में रूपान्तरित कर सके।

"एक विचार– सपनों को एक साथ जीने के लिए आओ सभी हाथ मिलाके एकजुट हो जाएं।"


लक्ष्मण कुमार शर्मा<br>
संस्थापक अध्यक्ष<br>
श्री बल्लभराम शर्मा मानव सेवा समिति<br>
8826639009



# स्वर्गीय श्री बल्लभराम शर्मा

## (13 दिसम्बर 1936 से 04 अप्रैल 2017)

## संक्षिप्त जीवन परिचय

श्री बल्लभराम शर्मा का जन्म राजस्थान के भरतपुर जिले के डीग उपखण्ड के गांव अऊ में बहुत ही निर्धन ब्राह्मण परिवार में 13 दिसंबर 1936 को श्री नत्थीलाल शर्मा व श्रीमति सौमोती देवी के घर हुआ था। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होंने के कारण इनका बचपन बहुत ही अभावों में गुजरा। श्री बल्लभराम शर्मा 5 भाई बहिनों में सबसे बडे थे। पढाई में बचपन से ही मेधावी छात्र रहे श्री बल्लभराम शर्मा ने हायर सैकेण्डी बोर्ड परीक्षा हायर सैकेण्डरी स्कूल डीग से उत्तीर्ण की। पढाई के दौरान ही इनका विवाह श्रीमति मोहनदेई के साथ हुआ परन्तु विवाह के कुछ समय पश्चात ही पिता श्री नत्थीलाल शर्मा का आकस्मिक निधन हो गया और पिताजी के निधन के साथ ही इनके जीवन संघर्ष की शुरूआत भी हुई। भाई बहिनों में सबसे बडे होंने के कारण परिवार के लालन पालन का बोझ अल्प आयु में ही इनके कन्धों पर आ गया। पिता की मृत्यू के समय इनके सबसे छोटे भाई श्री किशनोराम शर्मा से0नि0 प्र0अ0 की उम्र मात्र 2 वर्ष थी। कम उम्र में परिवार के पालन पोषण के उत्तरदायित्व के भार से दबे श्री बल्लभराम शर्मा ने न चाहते हुए भी पढाई छोड दी और मजदूरी करने लगे। कठिन परिश्रम करते हुए छोटे भाई बहिनों को पढाई के लिए प्रेरित किया। 3–4 बर्षों तक घरेलू नौकर के रूप में नौकरी करने के बाद 31 जुलाई 1958 को इन्हें प्रारम्भिक शिक्षा में अध्यापक के रूप में राजकीय सेवा में नियुक्ति मिली परन्तु परिवार की जिम्मेदारियों का भार इतना अधिक था कि राजकीय सेवा के साथ साथ ही गांव के बडे जमींदारों की खेती में भी मजदूरी करते हुए कठिन परिश्रम किया और साथ ही निर्धन परिवारों के मेधावी विधार्थियों की हर संभव मदद करते रहे। सतत् कठिन परिश्रम के बाद परिवार की स्थिति कुछ सुधरी, बहिन भाइयों की शादी की। छोटे भाई स्व0 श्री दयाचन्द शर्मा को भी प्रारम्भिक शिक्षा में अध्यापक की नौकरी मिल गई। इस समय तक परिवार के उत्तरदायित्वों का भार कुछ कम हुआ तो फिर पढाई की ओर रूझान हुआ और जीवन के आधे पडाव लगभग 45 वर्ष की आयु के बाद स्नातक, स्नातकोत्तर व बीएड की परीक्षा उत्तीर्ण की जिसके बाद 30 नबम्बर 1984 को इन्हें पदोन्नति देकर हाल ही क्रमोन्नत हुए रा0उ0प्रा0वि0पाटका, नगर में नियुक्त किया गया। एक कमरे के भवन में संचालित उस विद्यालय का अपनी मेहनत, मृदु व्यवहार व शालीनता से ग्रामीणों का सहयोग प्राप्त कर भवन निर्माण करवाया। इनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दी गई उत्कृष्ठ सेवाओं के लिए कई पुरूष्कार भी प्राप्त हुए। विभिन्न स्थानों पर राजकीय सेवा में सेवारत रहते हुए 31 दिसम्वर 1994 को 35 वर्ष की गौरवमई राजकीय सेवा पूर्ण कर सेवा निवृत्त हुए। इस समय तक ज्येष्ठ पुत्र श्री लक्ष्मण कुमार शर्मा सहित पांचों पुत्र पुत्रियां अपने अपने कार्यक्षेत्र में संतोषजनक रूप से स्थापित हो चुके थे। सेवा निवृति के बाद अपने सीमित संसाधनों व क्षमताओं के अनुरूप समाज सेवा भी करते रहे परन्तु मन में एक सपना था कि जिन जीवन परिस्थितियों व संघर्षों का सामना मेरे द्वारा किया गया ऐसी परिस्थितियों में समाज में जीवन यापन करने वाले लोगों की सेवा की जाए। यह विचार उन्होंने दिनांक 16 मार्च 2017 को खराव स्वास्थ के दौरान ज्येष्ठ पुत्र श्री लक्ष्मण कुमार शर्मा से साझा किए। मात्र 15 दिवस की बीमारी के उपरांत दिनांक 4 अप्रेल 2017 को 81 वर्ष की आयु में अचानक हृदयाघात से श्री बल्लभराम शर्मा का देहावसान हो गया। उन्होंने अपना जीवन जिस सेवा भाव के मार्ग पर चलते हुए ईमानदार सतत् सघर्ष, कठिन परिश्रम, नेकी और अच्छाई की परिकल्पना के साथ संपूर्ण किया उन्ही की प्रेरणा से मानव सेवा के


लिए उनके द्वारा देखे गऐ एक स्वप्न को पूरा करने के उद्देश से "श्री बल्लभराम शर्मा मानव सेवा समिति का उदय हुआ।

## श्री बल्लभराम शर्मा मानव सेवा समिति

मानव सेवा परमो धर्मः के सिद्धान्त पर चलते हुए निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ निरंतर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसरः–

### –: हमारा उद्देश :–

- ➢ समाज के कल्याण एंव विकास हेतु हर संभव प्रयास करना।
- ➢ समाज के कमजोर वर्ग के उत्थान हेतु आर्थिक सहायता एंव हरसंभव मदद देने का प्रयास करना।
- ➢ कौशल विकास स्किल डवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाकर बेरोजगारों को रोजगार से जोडने का प्रयास करना।
- ➢ शिक्षा एंव खेलकूद के क्षेत्र में प्रतिभावान बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मान करना एंव समय – समय पर खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित करना।
- ➢ शिक्षा एंव खेलकूद के क्षेत्र में मेधावी व प्रतिभावान गरीब बच्चों को आर्थिक सहायता देकर उनके लक्ष्य तक पहुचने में संबल प्रदान करना।
- ➢ चिकित्सा एंव स्वास्थ शिविरों का आयोजन करना, गरीब व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को निशुल्क या सस्ती दर पर उपचार एंव दवाइयों की समुचित व्यवस्था करना।
- ➢ गरीब कन्याओं के विवाह के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना।
- ➢ घटना, दुघर्टना एंव आपदा के समय आमजन की मदद करना।
- ➢ विकलांग, अनाथ, मूक बधिर, विधवा, बेसहारा वृद्ध आदि का सुखमय जीवन जीने हेतु स्कूल, छात्रावास एंव वृद्धाश्रम आदि संचालित करना।
- ➢ समाज में फैले अंधविश्वास एंव बुराइयों को दूर कर जनजाग्रति पैदा करना एंव दहेज प्रथा, मृत्यूभोज, लिंगभेद व कन्या भ्रूण हत्या के विरूद्ध समाज में जनजाग्रति पैदा करना।
- ➢ युवाओं में बढते नशे की आदत, मद्यपान को अभियान चलाकर छुडाने का प्रयास करना।
- ➢ सामाजिक एंव धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करना।
- ➢ महिला सशक्तिकरण कर स्वरोजगार हेतु प्रेरित करना।
- ➢ केन्द्र एंव राज्य सरकार द्वारा जनहित में संचालित योजनाओं के संबंध में शिविर लगाकर आमजन को जानकारी देना तथा इनके संचालन हेतु सरकार के साथ अनुबन्ध पर या सरकारी खर्चो पर संचालन करना अथवा सहयोग करना।




संस्था के उत्कृष्ट कार्यो के लिए राजस्थान सरकार द्वारा दिये गये प्रशस्ति पत्र






भरतपुर नारनौल स्टेट हाइवे पर भरतपुर से डीग कस्वा के बीच में कही भी पीने योग्य पानी की व्यवस्था नहीं होंने से राहगीरों को काफी परेसानी होती है इसको ध्यान में रखते हुए श्री बल्लभराम शर्मा मानव सेवा समिति द्वारा हाइवे पर यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए श्री हनुमान जी बगीची ग्राम अऊ में बारहमासी प्याऊ की स्थापना श्रीमति मोहनदेई धर्मपत्नी स्व0 श्री बल्लभराम शर्मा के कर कमलों से की गई है जो मई 2017 से लगातार संचालित है प्याऊ पर श्री सीताराम जी अपनी सेवाएं निरंतर दे रहे हैं।





स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले रा0आ0उ0मा0वि0 अऊ के खिलाडियों के लिए श्री बल्लभराम शर्मा मानव सेवा समिति द्वारा दिनांक 28 अगस्त 2017 को विधालय स्टाफ और ग्रामीणों की उपस्थिति में खेलकूद किट का वितरण प्रधानाचार्य श्री हरवीरसिंह चाहर के आग्रह पर किया गया। प्रधानाचार्य श्री हरवीरसिंह चाहर ने बताया कि विधालय में अध्यनरत कई खिलाडी बहुत ही प्रतिभावान है परन्तु इनके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होंने के कारण खेलकूद हेतु आवश्यक संसाधनों के अभाव में ये प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पाते हैं।





रा0आ0उ0मा0वि0 अऊ के प्रधानाचार्य श्री हरवीरसिंह चाहर ने बताया कि विधालय में करीब 750 विधार्थी अध्यनरत है। विधार्थियों की संख्या की तुलना में विधालय में भवन का अभाव है इस कारण से विधार्थियों की पढाई में काफी परेशानी आती है। प्रधानाचार्य जी के आग्रह पर श्री बल्लभराम शर्मा मानव सेवा समिति के सदस्यों ने रा0आ0उ0मा0वि0 अऊ में एक प्रशासनिक कक्ष का निर्माण अतिशीघ्र कराए जाने का प्रस्ताव रखा जिस पर दिनांक 5 अक्टूवर 2017 को विधालय में 900 वर्ग फीट एरिया में एक प्रशासनिक भवन ( कमरा, बरामदा, लैट, बाथ, पेंट्री) के निर्माण हेतु विधि विधान से भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन करते समिति के अध्यक्ष श्री लक्ष्मण कुमार शर्मा, श्री हरवीरसिंह चाहर प्रधानाचार्य व अन्य विधालय स्टाफ, ग्रामीण व समिति सदस्यगण।




दिनांक 2 अक्टूवर 2017 को लुपिन हयूमन वैलफेयर एंव रिसर्च फाउण्डेशन के स्थापना दिवस के अवसर पर श्री बल्लभराम शर्मा मानव सेवा समिति द्वारा मानव सेवा एंव सामाजिक क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ठ कार्यो के लिए लुपिन द्वारा सम्मानित किया गया। संस्थापक अध्यक्ष श्री लक्ष्मण कुमार शर्मा पुरूस्कार प्राप्त करते हुए।





मृतक के परिवार को दी आर्थिक सहायता

डीग उपखण्ड के ग्राम घरवारी के श्री शेरसिंह जाटव का परिवार बहुत ही अभावों में जीवन यापन कर रहा था। इनके पास कृषि भूमि नहीं है और न ही अन्य कोई रोजगार का साधन। ऐसी बदहाली में ये दिन रात मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था परन्तु एक दिन यह परिवार एक सडक हादसे का शिकार हो गया। हादसा भी इतना भयंकर कि इसमें परिवार के मुखिया व इकलौते कमाने वाले शेरसिंह की मृत्यू हो गई व इनकी पत्नी के रीढ की हडडी में गम्भीर चोटें आई व बेटियों में से एक के दांत टूट गए व दूसरी का पैर फ्रेक्चर हो गया। परिवार पूरी तरह टूट चका था ऐसे में श्री बल्लभराम शर्मा मानव सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने शेरसिंह के घर पहुचकर इस दुख की घडी में परिवार को सांत्वना दी एंव सहायता स्वरूप 5 माह के लिए राशन, सर्दियों के कपडे व 5100 रूपये का चैक पुर्नवास हेतु दिया।







डीग उपखण्ड के राजकीय माध्यमिक विधालय गिरसै में पदस्थापित प्रधानाध्यापक श्री नारायण स्वरूप ने श्री बल्लभराम शर्मा मानव सेवा समिति से सम्पर्क कर बताया कि मेरे विधालय में अधिकतर बच्चे बहुत ही निर्धन परिवारों के अध्यनरत है। इस वर्ष सरकार द्वारा राजकीय विधालयों की ड्रैस चेंज की गई है इस कारण गर्म जर्सी का कलर भी बदल गया है। अधिकतर अभिभावक आर्थिक तंगी के चलते बच्चों के लिए जर्सियां नहीं दिलवा पा रहे हैं और कडाके की सर्दी में बच्चे बिना जर्सी के स्कूल आते हैं। यह देखकर मन विचलित हो जाता है इसलिए आप संस्था द्वारा विधालय के गरीब चिन्हित 40 बच्चों को गर्म जर्सियां उपलब्ध करा दें। प्रधानाध्यापक जी के आग्रह पर संस्थापक अध्यक्ष श्री लक्ष्मण कुमार शर्मा कार्यकर्ताओं के साथ स्वंम् विधालय पहुचे और 40 बच्चों को गर्म जर्सियां वितरण की।



भरतपुर स्टेडियम रहा विजेता



मानव सेवा समिति

कबड्डी में अऊ विजयी

छुपी हुई ग्रामीण प्रतिभाओं की खोज के लिए श्री बल्लभराम शर्मा मानव सेवा समिति ने रूद्र क्लव अऊ के सहयोग से ग्राम अऊ में ओपन ग्रामीण कबडडी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जिसका उद्घाटन दिनांक 25.12.2017 को जिला भरतपुर कबडडी संघ के अध्यक्ष डा0 शैलेष सिंह व विशिष्ट अतिथि भारतीय मलखम्ब फैडरेशन के अध्यक्ष डा0 रमेश इन्दौलिया एंव अन्य गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में हुआ। प्रतियोगिता तीन दिन तक चली जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की कुल 22 टीमों ने भाग लिया। अन्तिम परिणाम अनुसार लोहागढ स्टेडियम भरतपुर की टीम प्रथम, रूद्र क्लव अऊ की टीम द्वितीय एंव अऊ गेट डीग व लोहागढ स्टेडियम की द्वितीय टीम संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। समिति के संस्थापक अध्यक्ष श्री लक्ष्मण कुमार शर्मा ने क्षेत्र के खिलाडियों को हरसंभव मदद करने का भरोषा दिलाया।






दिनांक 12 जनवरी 2018 को स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के अवसर पर रा0आ0उ0मा0वि0 अऊ में श्री बल्लराम शर्मा मानव सेवा समिति द्वारा ग्राम पंचायत अऊ के अन्तर्गत आने वाले 4 राजकीय विधालयों के कुल 103 गरीब बच्चों के लिए गर्म जर्सियों का वितरण किया। प्रधानाचार्य श्री हरवीरसिंह चाहर के अनुसार रा0आ0उ0मा0वि0 अऊ के अन्तर्गत आने वाले विधालयों से ऐसे गरीब बच्चों की सूची प्राप्त की गई जिनके परिवार अत्यन्त गरीब हैं और अपने बच्चों को गर्म कपडे नहीं दिलवा पा रहे हैं। ऐसे 103 बच्चों के लिए गर्म जर्सिया उपलब्ध करवाने का आग्रह श्री बल्लभराम शर्मा मानव सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष श्री लक्ष्मण कुमार शर्मा से किया जिन्होंने तुरन्त स्वंम आकर बच्चों के लिए जर्सियों का वितरण किया व विधालय में पढने वाले मेधावी गरीब विधार्थियों की हरसंभव मदद का भरोषा दिलाया।





पीड़ित परिवार की मदद को उठे हाथ

सरकारी मदद नहीं

दिनांक 20.10.17 को थाना हलेंना के ग्राम वाई में एक बेहद निर्धन परिवार श्री पूरनसिंह जाटव के कच्चे छप्पर पोष मकान में आग लग जाने से घर का सारा सामान एंव राशन जल गया पूरन जाटव का एक ही पुत्र था जिसकी 2 वर्ष पूर्व एक सडक दुघर्टना में मृत्यू हो गई जिसकी बेबा व दो बच्चियों के पालन पोषण की जिम्मेदारी भी 65 वर्षीय पूरनसिंह के कन्धों पर आन पडी जो मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था परन्तु अचानक हुए इस अग्निकांड में उसका आसियांना व खाने पीने का राशन और कपडे जल गए। इसकी सूचना जब हमारी संस्था को मिली तो संस्था सदस्य तुरन्त ग्राम वाई पहुचे व पूरनसिंह के परिवार को पुर्नवास हेतु 1 माह का राशन एंव 7000 रूपये की आर्थिक सहायता एंव एक 1800 रूपये का त्रिपाल खरीदकर दिया।






असहाय वृद्धा को दी खाद्य सामग्री

डीग. बल्लभराम शर्मा सेवा समिति ने रविवार को गांव नसवारा में एक असहाय वृद्धा को आर्थिक व राशन सामग्री दी। समिति के कोषाध्यक्ष हेमंत शर्मा ने बताया कि हरवीरसिंह चाहर.के नेतृत्व में 70 वर्षीय शरीफन के घर पहुंचकर दो माह का राशन, कंबल, कपड़े व आर्थिक सहायता की। इस दौरान न्द्रपाल जादौन, योगेश शर्मा, हेन्द्र शर्मा, गुड्डू आदि मौजूद थे।

डीग खाद्य सामग्री सौंपते सेवा समिति के सदस्य

डीग उपखण्ड के ग्राम नसवारा में बेसहारा असहाय महिला श्रीमति शरीफन जो कि 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला है। उक्त महिला गांव से भिक्षा मांगकर अपना पेट पालन करती है परन्तु बढती उम्र के साथ इनकी आंखों से दिखाई देना बंद हो गया जिसके कारण ये अपने दैनिक कार्य करने में भी असमर्थ हो गई। कोई अपना देखभाल करने वाला न होंने से आंखों का लैंस प्रत्यारोपण भी नहीं करवा पा रही। शरीफन अम्मा के संबंध में जब हमारी संस्था को सूचना मिली तो तुरन्त कार्यकर्ता मौके पर पहुचे शरीफन अम्मा की स्थिति का जायजा लिया और इनको 6 माह का राशन व 5100 रूपये का चैक, पहनने के कपडे इत्यादि दिए तथा इनकी आंखों की सर्जरी डा0 श्राफ चैरिटी आई हॉस्पीटल अलवर से करवाने की व्यवस्था की एंव सर्जरी के बाद अम्मा की सेवा सुश्रुवा करने हेतु एक पडौसी को तैयार किया।







जिला स्तरीय समारोह में 42 को किया सम्मानित

मोदी ने जिसे गले लगाया, उस स्वतंत्रता सेनानी को राज्य

श्री बल्लभराम शर्मा मानव सेवा समिति द्वारा मानव सेवा एंव सामाजिक क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए समिति को गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2018 के अवसर पर जिला स्तर पर सम्मानित होंने का गौरव प्राप्त हुआ। जिला प्रशासन द्वारा समिति द्वारा किए जा रहे कार्यो को सराहा गया और समाज सेवा के क्षेत्र में इसी तरह कार्य करते रहने के लिए उत्साहवर्धन किया। जिला कलैक्टर श्री एन0के0गुप्ता, भरतपुर विधायक श्री विजय बंसल, मेयर श्री शिवसिंह भोंट व ए0डी0एम0 प्रशासन समिति के संस्थापक अध्यक्ष श्री लक्ष्मण कुमार शर्मा को स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र भेंट करते हुए।



श्री बल्लभराम शर्मा मानव सेवा समिति द्वारा रा0आ0उ0मा0वि0अऊ में लगभग 10 लाख रूपये की लागत से प्रशासनिक भवन (कमरा, बरामदा,लैट,बाथ,पेंट्री) का निर्माण करवाया गया जिसका लोकार्पण दिनांक 14 फरवरी 2018 को डीग–कुम्हेर के वर्तमान विधायक महाराजा श्री विश्वेन्द्र सिंह जी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समिति के संस्थापक अध्यक्ष श्री लक्ष्मण कुमार शर्मा माननीय विधायक श्री विश्वेन्द्रसिंह जी का माला पहनाकर व अभिनन्दन पत्र भेंट कर स्वागत करते हुए।



राज0उ0मा0वि0 भेंसेडा पहाडी के प्रधानाचार्य श्री राजेन्द्र कुमार दीक्षित ने श्री बल्लभराम शर्मा मानव सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष श्री लक्ष्मण कुमार शर्मा से सम्पर्क कर बताया कि विधालय में अध्यनरत विधार्थी आर्थिक रूप से कमजोर तबके के हैं, आर्थिक स्थिति सही नही होंने के कारण विधार्थियों पर स्कूल ड्रैस की जर्सियां उपलब्ध नहीं है जिससे विधार्थी कडाके की ठण्ड में बिना जर्सी के विधालय में आने को मजबूर हैं। ऐसे 52 विधार्थीयों सूची संस्था को उपलब्ध करवाई गई जिस पर दिनांक 29 फरवरी 2018 को अध्यक्ष जी ने स्वंम विधालय पहुचकर विधार्थियों को जर्सियां वितरित की।







दो सौ मरीजों की निःशुल्क नेत्र जांच की


दिनांक 25 फरवरी 2018 को श्री बल्लभराम शर्मा मानव सेवा समिति के सौजन्य से व डा0श्राफ चैरिटी आई हॉस्पीटल एंव कोशिका फाउण्डेशन के प्रबन्धन में निशुल्क नेत्र जांच एंव लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 200 मरीजों की आंखों की जांच की गई। 40 मरीजों को मोतियाबिन्द लेंस प्रत्यारोपण हेतु चिन्हित किया गया व 160 मरीजों को श्री बल्लभराम शर्मा मानव सेवा समिति की ओर से निशुल्क दवाई व चस्मा वितरण किया गया एंव शिविर में आए मरीजों के लिए चाय व खिचडी की व्यवस्था समिति की ओर से की गई।


पहली खबर

गरीब बेटी की शादी में की सहायता




डीग उपखण्ड के ग्राम घरवारी निवासी गोविन्दसिंह जादोंन की दो बेटियों का विवाह दिनांक 6 मार्च 2018 को होंना नियत था। घरवारी गांव के ग्रामीणों ने श्री बल्लभराम शर्मा मानव सेवा समिति के अध्यक्ष श्री लक्ष्मण कुमार शर्मा को बताया कि गोविन्दसिंह निहायत ही गरीब व्यक्ति है इसके पास कृषि भूमि न के बराबर है और न ही रोजगार का कोई अन्य साधन है। बेटियों के विवाह की व्यवस्थाओं के लिए भी पर्याप्त पैसे की व्यवस्था नहीं है। इस पर समिति के कार्यकर्ता ग्राम दिनांक 28 मार्च 2018 को ग्राम घरवारी पहुचे व कन्याओं के विवाह में मदद स्वरूप 11000 रूपये की सहायता राशि का चैक भेंट किया।

श्री बल्लभराम शर्मा मानव सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष श्री लक्ष्मण कुमार शर्मा द्वारा माढैरा रूंध क्षेत्र में दो से तीन हजार गौ वंश एंव अन्य जंगली जानवरों के चारे पानी की समस्या तथा भूखे जानवरों द्वारा क्षेत्र के किसानों की फसलों में किए जा रहे नुकसान के संबंध में आस पास की सात ग्राम पंचायतों के सरपंचों को साथ लेकर माढैरा रूंध क्षेत्र को अभ्यारण घोषित करने हेतु ज्ञापन दिया गया एंव व्यक्तिगत रूप से भी संबंधित विभाग के माननीय मंत्री महोदय व अधिकारियों से मिलकर समस्या को सरकार व प्रशासन के संज्ञान में लाया गया इसके फलस्वरूप दिनांक 6 मार्च 2018 को राजस्थान सरकार द्वारा माढैरा रूंध क्षेत्र को कदम्ब वन अभ्यारण घोषित किया गया हैं। माढैरा रूंध क्षेत्र को कदम्ब वन अभ्यारण घोषित किए जाने पर जिला कलैक्टर श्री एन0के0 गुप्ता व डी0एफ0ओ0 श्री जुगेन्द्रसिंह को धन्यवाद ज्ञापन देते हुए श्री बल्लभराम शर्मा मानव सेवा समिति के अध्यक्ष श्री लक्ष्मण कुमार शर्मा।

## —: एक संदेश :—

''आओ हाथ मिलाएं,
सब जुडकर साथ निभाएं।
विकल हो रही मानवता हित,
सब मिलकर कदम बढाएं।''

प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर सादर समर्पित

## साभार

## श्री बल्लभराम शर्मा मानव सेवा समिति परिवार